State Council of Educational Research & Training Chhattisgarh, Shankar Nagar, Raipur

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

Telephone-0771-2443596 Fax-0771-2443496 Website: www.scert.cg.gov.in Email: scertcg@gmail.com

पत्र क्र./शिक्षक–शिक्षा/आनलाइन आबंटन/30–1/प्रवेश/2020–21 157 रायपुर दिनांक 11.01.2021

**बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड./डी.एल.एड.पाठ्यक्रम 2020–21**
**में रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए आयोजित**
**अंतिम चरण के आबंटन प्रक्रिया की विस्तृत सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य के निजी शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड. पाठ्यक्रम व शासकीय डाइट/बी.टी.आई./निजी शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित डी.एल.एड.पाठ्यक्रम 2020–21 के तीन चरण के आबंटन प्रक्रिया के बाद शेष रिक्त सीटों में प्रवेश के लिए अंतिम चरण का ऑनलाइन आबंटन प्रक्रिया निम्नानुसार परिषद् द्वारा आयोजित किया जा रहा है :–

| क्र. | विवरण चरणवार | बी.ए.बी.एड./बी.एस.सी.बी.एड. | | डी.एल.एड. | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | दिनांक से | दिनांक तक | दिनांक से | दिनांक तक |
| 1 | पंजीयन व ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 16/01/21 | 19/01/21 | 16/01/21 | 22/01/21 |
| 2 | अंतिम चरण की प्रथम सूची जारी करना | 23/01/21 | | 28/01/21 | |
| 3 | प्रथम सूची में आबंटित छात्रों द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 23/01/21 | 27/01/21 | 28/01/21 | 30/01/21 |
| 4 | द्वितीय सूची जारी करना | 29/01/21 | | 02/02/21 | |
| 5 | द्वितीय सूची में आबंटित छात्रों द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 29/01/21 | 01/02/21 | 02/02/21 | 04/02/21 |
| 6 | तृतीय सूची जारी करना | 03/02/21 | | 06/02/21 | |
| 7 | तृतीय सूची में आबंटित छात्रों द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 03/02/21 | 05/02/21 | 06/02/21 | 09/02/21 |
| 8 | प्रतीक्षा सूची जारी करना | | 05/02/21 के बाद इसकी सूचना वेबसाइट पर पृथक से दी जायेगी। | | 09/02/21 के बाद इसकी सूचना वेबसाइट पर पृथक से दी जायेगी। |

इस आबंटन प्रक्रिया के लिए समस्त इच्छुक पात्र अभ्यर्थियों को पंजीयन करना एवं विकल्प फार्म भरना अनिवार्य होगा। इच्छुक अभ्यर्थी चिप्स के वेबसाइट http://slcm.cg.state.gov.in/SCERT Online/ में जाकर विकल्प फार्म जमा कर सकते है। अंतिम चरण के आबंटन प्रक्रिया के लिए आवश्यक दिशा निर्देश निम्नानुसार है :–

1. इस आबंटन प्रक्रिया के लिए सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को पुनः पंजीयन एंव विकल्प फार्म भरना आवश्यक होगा। पूर्व चरणों में पंजीयन किये हुए अभ्यर्थियों के द्वारा यदि इस अंतिम चरण के लिए पंजीयन व विकल्प फार्म जमा नही किया जाता है तो उन्हें इस प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जायेगा।

Scanned by CamScanner

2. इस अंतिम चरण के लिए वे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व के चरणों में विकल्प फार्म व पंजीयन जमा किया था परन्तु उन्हें किसी भी महाविद्यालय में सीट्स आबंटन नहीं हुआ है तो ऐसे अभ्यर्थियों के पास SMS के माध्यम से नया आई.डी. व पासवर्ड चिप्स द्वारा भेजा जायेगा। जिसका उपयोग कर वे Login कर निशुल्क विकल्प फार्म भर सकते है। अर्थात इस अंतिम चरण में शामिल होने के लिए उन्हें विकल्प फार्म भरना आवश्यक होगा। क्योंकि उनका पूर्व का विकल्प फार्म इस अंतिम चरण में मान्य नही होगा।
3. जिन छात्रों ने पूर्व के चरणों में महाविद्यालय आबंटित हुआ था और उन्होंने प्रवेश नहीं लिया था। तो ऐसे अभ्यर्थी यदि शेष रिक्त सीटो में प्रवेश के इच्छुक है तो निर्धारित शुल्क जमा कर पंजीयन एवं विकल्प फार्म जमा कर सकते है।
4. नये इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित शुल्क जमा कर पंजीयन एवं विकल्प फार्म जमा कर सकते है।
5. महाविद्यालयों/संस्थानों में प्रवेशित छात्र इस अंतिम चरण में सम्मलित नहीं हो सकते।
6. इस अंतिम चरण में प्रवेश के लिए पात्र इच्छुक अभ्यर्थी विभिन्न महाविद्यालयों/संस्थानों में रिक्त सीटों की जानकारी चिप्स के साइट से प्राप्त कर शेष रिक्त सीटों के लिए एक बार विकल्प फार्म ऑनलाइन जमा करेंगे। इसके बाद तीन बार चयन सूची जारी की जायेगी। यदि चयन सूची में अभ्यर्थी को कोई महाविद्यालय में सीट्स आबंटित होता है तो उन्हें उस महाविद्यालय में प्रवेश लेना आवश्यक होगा, प्रवेश नहीं लेने पर उस अभ्यर्थी का नाम अगली सूची में नही आयेगा।
7. अभ्यर्थी रिक्त सीटों के विरूद्ध न्यूनतम एक महाविद्यालय तथा अधिकतम जितने महाविद्यालय में सीटे रिक्त है उतने महाविद्यालय का विकल्प ले सकते है। परन्तु अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि उन्ही महाविद्यालय का विकल्प देवें जहाँ अभ्यर्थी प्रवेश के लिए इच्छुक है। क्योंकि महाविद्यालय परिवर्तन की कोई सुविधा नहीं है।
8. तीन सूची जारी करने के बाद भी यदि सीटे रिक्त रहती है तो प्रतीक्षा सूची जारी की जायेगी। प्रतीक्षा सूची की आवश्यकता पड़ने पर प्रतीक्षा सूची का विस्तुत जानकारी व कार्यक्रम एस.सी.ई.आर.टी. रायपुर के वेबसाइट में दी जायेगी।
9. प्रतीक्षा सूची जारी होने के बाद अभ्यर्थियों का नाम उनके विकल्प व मेरिट के अनुसार कई महाविद्यालय में आ सकता है। इन महाविद्यालयों में अभ्यर्थी जहां–जहां प्रवेश लेना चाहता है उन महाविद्यालयों में निर्धारित तिथि में आवेदन करेगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पहले वह अपने प्रतीक्षा सूची के रैंक तथा रिक्त सीट्स के आधार पर आकलन कर ले कि किस महाविद्यालय में उसे सीटे प्राप्त हो सकती है।
10. महाविद्यालय प्राप्त आवेदनों में से मेरिट के आधार पर छात्र चयन कर प्रवेश ले सकेगे।
11. महाविद्यालय द्वारा मेरिट का विशेष ध्यान रखें मेरिट अतिक्रमण की स्थिति में महाविद्यालय के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।
12. यदि समस्त सीट्स प्रथम सूची से ही भर जाती है तो अगली चरण की सूची जारी नही की जायेगी एवं प्रक्रिया वही पर समाप्त हो जायेगी। इसलिए इस प्रक्रिया में शामिल मात्र होने से अभ्यर्थी को सीट्स आबंटन होना आवश्यक नहीं है। आबंटन प्रक्रिया सीटे रिक्त रहने तक की जायेगी।
13. पात्रता, मेरिट निर्धारण व अन्य प्रक्रिया पूर्ववत ही रहेंगे।

पूछताछ के लिए कार्यलयीन समय में चिप्स के हेल्प डेस्क 7470470609 पर संपर्क किया जा सकता है।

(डी.राहुल वेंकट भा.प्र.से.)
संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग. रायपुर

पृ. क्र./शिक्षक–शिक्षा/आनलाइन आवंटन/30–1/प्रवेश/2020–21 158 रायपुर दिनांक 11.01.2021
प्रतिलिपि –
1. प्रमुख सचिव, छ.ग शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर।
2. सचिव, छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर।

संचालक
एस.सी.ई.आर.टी., छ.ग. रायपुर

Scanned by CamScanner